## महत्वपूर्ण एवं खास

### कचरा एवं गन्दगी फैलाने वाले 52 लोगों से 3550 रूपये जुर्माना वसूला गया

**रायपुर (आरएनएस)।** कचरा एवं गंदगी फैलाने वाले 52 लोगों के खिलाफ नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने कार्यवाही करते हुए उनसे कुल 3550 रूपये जुर्माना वसूला है। नगर निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक के आदेशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 9 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियन्ता हरेंद्र कुमार साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेंद्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत जोन के तहत आने वाले बाजार क्षेत्र में रविवार को कचरा एवं गन्दगी फैलाने पर सम्बंधित कुल 52 लोगों से उन्हें भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला। अभियान आगे भी निरन्तरता से जनहित में जनस्वास्थ्य जागरूकता की दृष्टि से जारी रहेगा।

### प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 31 को

**सूरजपुर (आरएनएस)।** जिला रोजगार स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा 31 दिसम्बर 2021 को कार्यालय परिसर में प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक एस.एस.सी.आई. सेक्योर्टी एण्ड इन्टेलीजेन्स सर्विराज इस्टर्न इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड सिंगरौली म.प्र. के द्वारा रिक्त पदो पर भर्ती किया जाना है। रिक्त पदों में सिक्योरिटी गार्ड के 200 पद योग्यता 10वीं पास व ऊँचाई 167.5 से.मी., सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद 12वीं पास, वाहन चालक 10 पद 10वीं पास, कस्टोडियन के 100 पद पर स्नातक पास योग्यता होनी चाहिए। उक्त पद के लिए 21 से 36 वर्ष के बीच आयु होने चाहिए तथा इच्छुक आवेदक उक्त 31 दिसम्बर को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी उनके समक्ष दर्शित तिथियों को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें उपरोक्त नियोजक उपस्थित रहकर भर्ती की कार्यवाही करेंगे। शाासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामानुजनगर में 28 दिसम्बर, ओड़गी में 29 व 30 दिसम्बर को, भैयाथान एवं सूरजपुर में 30 दिसम्बर 2021 को 11 बजे से 04 बजे तक होगा।

### तम्बाखु विक्रेताओं पर कोटपा एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही

**सूरजपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देषन एवं सीएमएचओ डॉ. आर. एस. सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तम्बाखु नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाखु के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों एवं कोटपा एक्ट 2003 के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वास्थ्य विभाग व खाद्य एवं औषधि प्रषासन विभाग के संयुक्त दल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिश्रामपुर में स्थित तम्बाखु विक्रेता दुकानदारो पर कोटपा एक्ट अधिनियम की धारा 4 एवं धारा 6 के तहत चालानी कार्यावाही की गई। जिसमें धारा 4 के तहत 10 चलानी कार्यवाही करते हुए 1200 रू. एवं धारा 6 के तहत 6 चलानी कार्यवाही करते हुए 900 सौ रू. जुर्माने की राशि वसूल किया गया। चालानी कार्यवाही दौरान नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाखु नियंत्रण डॉ. दीपक सिंह मरकाम, खाद्य एवं औषधि प्रषासन विभाग के औषधि निरीक्षक जे.पी. शर्मा एवं उनके सहायक आर.पी. जायसवाल उपस्थित थे।

# गांजे की अवैध तस्करी रोकने पुलिस को मिली दोहरी सफलता

- **50 किलो गांजा सहित आरोपियों से 6.60 लाख की संपत्ति की बरामद**
- **उड़ीसा सोनपुर से उत्तर प्रदेश झांसी की जा रही थी गांजे की तस्करी**
- **पकड़ में आए आरोपीगण कंबल फेरी के बहाने करते थे गांजे की तस्करी**
- **दुपहिया के सीट के नीचे गांजा तस्करी के लिए बना रखे थे बॉक्स**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के कुशल मार्गदर्शन पर डोंगरीपाली पुलिस को अवैध गांजा तस्करी की कार्यवाही में दोहरी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेंद्र एसैया एवं उनकी टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर बरमकेला मेन रोड बिरनीपाली बॉर्डर गेट के पास तथा डूमरपाली धान मंडी बैरियर के पास तीन तस्करों को पकड़ा गया है जिनसे क्रमशः 28 किलो एवं 22 किलो गांजा कीमती 5,00,000 रुपए एवं स्कूटी सुजुकी एक्सेस बिना नंबर एवं काला रंग का बिना नंबर बजाज पल्सर बाइक की जब्ती की गई है, तीन आरोपियों पर दो एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

आज दिनांक 26.12.2021 के सुबह थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेंद्र एसैया को मुखबिर से सूचना मिली कि उड़ीसा से गांजा लेकर दो दुपहिया वाहन में उत्तर प्रदेश की ओर जाने के लिए तस्कर लिकले हैं जिनके द्वारा मुख्य मार्ग का प्रयोग किया जा सकता है। सूचना से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर टी.आई जितेन्द्र एसैया सोहेला बरमकेला मेन रोड पर बिरनीपाली बॉर्डर गेट के पास हमराह स्टाफ आरक्षक जगजीवन जोल्हे एवं भीमसेन भोई के साथ रवाना होकर नाकेबंदी किया गया जिनके द्वारा सुबह करीब 11:25 बजे बिना नंबर काला रंग बजाज पल्सर बाइक में ओडिसा की ओर से आ रहे दो संदिग्ध युवकों को रोक कर चेक किया गया पूछताछ पर वे अपना नाम बृजेंद्र कुमार अहिरवार पिता जीवन लाल अहिरवार उम्र 23 वर्ष निवासी श्रीनगर थाना प्रेमनगर जिला झांसी उत्तर प्रदेश एवं मनोज कुमार अहिरवार पिता मोबालाल उम्र 26 वर्ष अहिरवार निवासी गणेश नगर थाना प्रेमनगर जिला झांसी उत्तर प्रदेश बताए जो अपने सीट को बैगनुमा बनाकर रखे थे तथा सीट के नीचे एक बाक्स बना था जिसके अंदर गांजा रखा हुआ था, पुलिस टीम द्वारा विधिवत दोनों आरोपियों से 28 किलो गांजा कीमती 2,80,000 रुपए एवं बिना नंबर काला रंग का बजाज पल्सर कीमती 90,000 रुपए का जप्त किया गया है, पूछताछ में आरोपीगण पहले कंबल बेचने वाले बताये जो अपने पास रखा हुआ कंबल बिक्री कर लौटना बता रहे थे किन्तु उनकी चालाकी पुलिस टीम के पास काम नहीं आयी, दोनों आरोपियों को मय गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन समेत थाना लाया गया।

वहीं मुखबिर सूचना पर गांजा तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करने थाने से सहायक उप निरीक्षक रामकुमार के साथ आरक्षक गजानंद पटेल एवं विशाल यादव द्वारा डूमरपाली धान मंडी बैरियर के पास नाकेबंदी किया जा रहा था, जिनके द्वारा दोपहर करीब 1:25 बजे बिना नंबर ग्रे रंग की स्कूटी एक्सेस सुजुकी 125 में उड़ीसा की ओर से आ रहे युवक को संदेह पर रोक कर चेक किया गया जिसके स्कूटी के सीट के अंदर बने बॉक्स में आरोपी द्वारा 22 किलो गांजा छिपाकर लाया जा रहा था। आरोपी से पूछताछ में अपना नाम सोनू अहिरवार पिता सालिक राम अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी गांधी गंज मऊरानीपुर थाना मऊरानीपुर जिला झांसी (उत्तर प्रदेश) का होना बताया आरोपी से 22 किलो गांजा कीमती 2,20,000 रुपए एवं एक बिना नंबर सुजुकी एक्सेस 125 कीमती 70,000 रुपए की जब्ती की गई है। आरोपियों द्वारा ओडिया के सोनपुर से गांजा लेकर झांसी ले जाना बताया गया है। इस प्रकार डोंगरीपाली पुलिस द्वारा आज तीन आरोपियों से कुल 50 किलोग्राम गांजा तथा दो दुपहिया वाहन जुमला 6,60,000 रुपए की जब्ती कर आरोपियों पर क्रमशः अप.क्र. 75,76/2021 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

थाना प्रभारी डोंगरीपाली टीआई जितेंद्र एसैया बताएं कि उन्हें कुछ दिनों से इस प्रकार की सूचना प्राप्त हो रही थी कि तस्कर फेरी वालों की आड़ में गांजे की तस्करी में लगे हैं जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाना एवं साइबर सेल के स्टाफ व अपने सक्रिय मुखबिरों को लगाया गया था, थाना प्रभारी द्वारा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह का भी विशेष सहयोग कार्यवाही में होना बताया गया है।

## राज्य शौर्य पुरस्कार हेतु 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को राज्य के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, उसे महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाना है। इसके लिए राज्य शौर्य पुरस्कार हेतु 31 दिसम्बर 2021 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सम्मान के तहत बालक-बालिकाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार राशि 15 हजार रुपये एवं प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति दिया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राज्य शोर्य पुरस्कार के लिए बालक/बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य, घटना दिनांक को बालक/बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो एवं शौर्य कार्य अवधि 01 जनवरी 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक के मध्य हो।

### दो प्रतियों में करना होगा प्रमाण-पत्र संलग्न

एफआईआर की प्रति अथवा पुलिस डायरी की छायाप्रति, समाचार पत्रों की करतने, जो इस बाबत् प्रकाशित हुआ हो, 2 नग पासपोर्ट रंगीन साईज फोटो प्रमाणित एवं अतिरिक्त 4 नग पासपोर्ट रंगीन साईज फोटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन-सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित (पुलिस या अन्य विभाग), आवेदन/नामांकन 2 प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ के जिला कार्यक्रम अधिकारी से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

## रायगढ़ जिला के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 01, सरपंच के 14 एवं पंच के 113 रिक्त पद पर होगा उप निर्वाचन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य अंतर्गत रायगढ़ जिले के लिए उपनिर्वाचन हेतु जिला पंचायत सदस्य के 01, सरपंच के 14, पंच के 113 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आम निर्वाचन/उप निर्वाचन हेतु छ.ग.पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 की अपेक्षा अनुसार समय-अनुसूची कार्यक्रम जारी किया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना, स्थानों (सीटों)के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूचना का प्रकाशन 28 दिसम्बर 2021 को प्रातः10.30 बजे से किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 3 जनवरी 2022 अपरान्ह 3 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच)करने की तिथि 4 जनवरी 2022 प्रातः10.30 बजे से, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2022 अपरान्ह 3 बजे तक, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 6 जनवरी 2022 को अपरान्ह 3 बजे के बाद, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 6 जनवरी 2022 को प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद होगा।

मतदान (यदि आवश्यक हो) 20 जनवरी 2022 प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, मतगणना मतदान केन्द्रों पर 20 जनवरी 2022 मतदान के तुरंत बाद, यदि आवश्यक हो तो तहसील /खण्ड मुख्यालय पर 21 जनवरी 2022 अपरान्ह 3 बजे से, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच/जनपद पंचायत सदस्य के मामले में (खंड मुख्यालय में) 22 जनवरी 2022 को प्रातः 9 बजे से (खंड मुख्यालय में)तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में (जिला मुख्यालय में)24 जनवरी 2022 को प्रातः 9 बजे से (जिला मुख्यालय में) निर्धारित है।

## आउटलुक स्पीकआउट कार्यक्रम में जिले से सुरभि स्व-सहायता समूह उत्कृष्ठ कार्य के लिए हुई चयनित

**» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया समूह को सम्मानित**




**रायगढ़।** आउट लुक ग्रुप द्वारा स्पीक आउट छत्तीसगढ़-2021 का आयोजन गत दिवस रायपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले के उत्कृष्ठ कार्य करने वाले स्व-सहायता समूहों का चयन किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने आउट लुक के माध्यम से आए प्रदेश के सभी उत्कृष्ठ कार्य करने वाले स्व-सहायता समूहों को सम्मानित किया। जिसमें रायगढ़ जिले से सुरभि स्व-सहायता समूह को उत्कृष्ठ कार्य के लिए चुना गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आज प्रदेश की महिलाएं स्व-सहायता समूह के माध्यम से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही है। साथ ही लघु एवं कुटीर उद्योग के माध्यम से व्यवसायिक क्षेत्र में जुड़ रही है। उन्होंने महिलाओं के शिक्षा, सम्मान, अधिकार और उनके सशक्तिकरण पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं के कार्यो का विशेष योगदान है। आज महिलाएं घर के काम-काज निपटाकर स्व-रोजगार के माध्यम से परिवार का आय बढ़ा रही है। महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का बाजार में अच्छी मांग है। गोठानों में संचालित विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों के संचालन एवं समूह की महिलाओं के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य कर रही है। जिससे आज महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही है।

**समूह ने शासन-प्रशासन को दिया धन्यवाद**

सुरभि स्व-सहायता समूह के सदस्यों कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन महिलाओं के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। आजीविका मूलक कार्यों के साथ ही कुटीर से लेकर लघु उद्योग स्थापित करने के लिए कलेक्टर भीम सिंह एवं जिला प्रशासन के समस्त विभागों का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन रहा। जिसके कारण समूह द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को व्यवस्थित एवं सुचारू ढ़ग से संचालित किया जा रहा है। बिहान के माध्यम से जुड़कर महिलाओं को खुद की पहचान के साथ ही आत्मनिर्भर होने का एक मौका मिला है, जिसके लिए हम बिहान के आभारी है। इसके समूह की मेहनत को प्रोत्साहन और सम्मान देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं आउटलुक ग्रुप को धन्यवाद देते है।

## सौर जनजाति के व्यक्ति फोटो हेण्डबुक के लिए दे सकते है जानकारी

**रायगढ़।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातियों की विशिष्ट जीवनशैली, संस्कृति, नृत्य-संगीत, पोशाक एवं लोक-परंपराओं पर आधारित फोटो हेण्डबुक प्रकाशित की जा रही है। जनजातियों के छायांकित अभिलेखीकरण श्रृंखला के अंतर्गत 36 जनजाति/जनजाति समूहों का फोटो हेण्डबुक प्रकाशित किया जा चुका है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में निवासरत सौर जनजाति का फोटो हेण्डबुक तैयार कर प्रतिवेदन राज्य एवं केन्द्र सरकार को प्रेषित किया जाना है।

रायगढ़ जिले में निवासरत उपरोक्त जनजाति एवं आम लोगों से अपील की गई है कि सौर जनजाति के निवास क्षेत्र के संबंध में जानकारी संस्थान को अतिशीघ्र सूचित करें। उक्त जानकारी संस्थान के पता-संचालनालय, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अटल नगर, नवा रायपुर, सेक्टर-24, पिन नं.492001 में पत्राचार कर सूचना दे सकते है अथवा कार्यालय के दूरभाष नंबर 0771-2960530 तथा कार्यालय के अनुसंधान अधिकारी विजय सिंह कंवर के मोबा.नं. 7879114863 एवं अनुसंधान सहायक, डॉ.गुलाब राम पटेल के मोबा.नं. 9098414464 पर संपर्क कर सूचना दे सकते है।

## अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी एवं विधिमान्य नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**» त्रि-स्तरीय पंचायत आम/उप निर्वाचन**




**रायगढ़।** त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25, धरमजयगढ़ में जिला पंचायत सदस्य का नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त किया जाना एवं 4 जनवरी 2022 को उनकी संवीक्षा तथा 6 जनवरी 2022 तक अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी एवं विधिमान्य नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर के सहयोग हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को संलग्न किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धरमजयगढ़ के लिए डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ रोहित कुमार सिंह को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाये गये है। साथ ही अभ्यर्थियों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने एवं उन्हें पत्र/निर्देश एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए जिला कार्यालय, रायगढ़ के सहायक ग्रेड-2 सत्येन्द्र मेहर, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर पंजीकरण रसीद एवं प्रपत्र आदि का प्रदाय एवं निक्षेप राशि प्राप्त करने हेतु जिला कार्यालय रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 गोपाल यादव, मतदाता सूची का अवलोकन हेतु कलेक्टर नजूल शाखा रायगढ़ के राजस्व निरीक्षक (नजूल)श्री मनोज चौधरी, स्केनिंग, कम्प्यूटीकरण से संबंधित समस्त कार्य हेतु जिला पंचायत रायगढ़ के डाटा एन्ट्री आपरेटर प्रदीप कसेर एवं जिला कार्यालय रायगढ़ के भृत्य निमन खलखो को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु दायित्व सौंपा गया है।

# रोजगार मेला का आयोजन 30 दिसम्बर को

## विभिन्न संस्थाओं में 533 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** भारत सरकार, संकल्प परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 30 दिसम्बर 2021 को प्रातः10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत विभिन्न संस्थाओं में कुल 533 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यताधारी इच्छुक आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला में शामिल हो सकते है।



रोजगार मेला में जिन पदों पर भर्ती की जाएगी, इनमें ऑनलाई टेलीकॉम, झांसी (मध्यप्रदेश)में टेली कॉलिंग के 5 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण के साथ कम्प्यूटर ज्ञान का होना आवश्यक है। इसी तरह सुनील कुमार अग्रवाल, गोपाल भवन कोतरा रोड रायगढ़ में अकाउंट एवं ऑडिट के एक पद हेतु बीकॉम एवं एमकाम अनुभवी को प्राथमिकता, होटल पुष्पक एवं कृष्णा बेकरी, मुख्य चिकित्सालय के सामने रायगढ़ में मैनेजर सुपरवाइजर के 4 पद योग्यता स्नातक टैली, कूक के 4 पद, रूम क्लीनिंग एवं रेस्टोरेंट वेटर में 6 पद, आईस सेफ, मैश सेफ, हेल्पर के 10 पद एवं ड्रायवर के 4 पद रिक्त है। रेडिमेड मेंस वेयर शोरूम साहेब मेंस वेयर चुड़ी गोदाम के सामने एक सेल्समेन, मैचिंग पार्क रायगढ़ में कपड़े दुकान के लिए स्टाफ- 5 पद, अनुपम डायग्रोसिस, रायगढ़ में लैब टेक्नीशियन के 2, एक्स-रे टेक्नीशियन के 2, सीटी स्कैन टैक्नीशियन के 2 एवं टेली में काम के 2 पद रिक्त है जिसके संबंधित कोर्स एवं अनुभवी व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। गौरी गणपति कपड़ा दुकान रायगढ़ में कपड़ा गोदाम में काम करने के लिए 4 पद के लिए 4 वीं उत्तीर्ण, इलेक्ट्रीशियन के 4 पद हेतु इलेक्ट्रीशियन कोर्स एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर में 4 पद के लिए नेटवर्किंग का अनुभव आवश्यक, नेशनल फाईंशियल सर्विसेस, शॉप नंबर 20-21 कृष्णा काम्पलेक्स में रायगढ़ में फील्ड कार्य पुरूष के लिए 15 पद, रिसेप्शनिष्ट महिला के लिए 5 पद जिसके लिए योग्यता 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण, न्यू राजा मेडिकोज स्टेशन चौक रायगढ़ में सेल्समैन के एक एवं हेल्पर के एक, अलर्ट सिक्यूरिटी प्रा.लि.फल मार्केट के पास लालपुर रायगढ़ में सुरक्षा गार्ड के 220 पद, मार्केटिंग के 8 पद एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, शुभारती इंटरनेशनल मार्केटिंग नगर रायपुर में सेल्समेन कम पंचायत ट्रेनर के 60 पद-योग्यता 10 वीं से स्नातक, सेल्स आफिसर के 30 पद-योग्यता 12 वीं से स्नातक, सेल्स मैनेजर के 20 पद-योग्यता एमबीए में स्नातक एवं एचआर ऑफिसर में 5 पद के लिए एमबीए स्नातक, चैतन्य इंडिया फाइनेंस प्रा.लि.इंदिरा नगर टीकरापारा रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप एक्सक्यूटिव के लिए 20 पद योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर के 20 पद एवं ब्रांच मैनेजर के 10 पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480